सूचना

बी० एड० (ओडीएल) प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण उत्तराखंड राज्य की महिला अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तराखंड शासन की आरक्षण नीति के अनुसार उत्तराखंड की सामान्य (GEN), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणियों में 30% क्षैतिज महिला आरक्षण को नियमानुसार समायोजित करते हुए संशोधित वरीयता सूची (Revised Merit List) तैयार कर जारी की जा रही है।

उक्त संशोधित वरीयता सूची में संबंधित श्रेणियों की पात्र उत्तराखंड मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को नियमानुसार 30% क्षैतिज महिला आरक्षण का लाभ समायोजित किया गया है।

संशोधित वरीयता सूची में सम्मिलित समस्त उत्तराखंड महिला अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 01-10-2026 एवं 02-10-2026 को आयोजित काउंसलिंग हेतु संशोधित वरीयता सूची के क्रम के अनुसार उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक उपस्थित होकर अपने मूल प्रमाण-पत्रों का दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) कराना सुनिश्चित करें।

संशोधित वरीयता सूची उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

समस्त अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ABC-ID एवं DEB-ID का प्रिंट आउट (COMPULSORY) अनिवार्य रूप से अपने साथ लेकर आएँ।

इसके अतिरिक्त, जिन अभ्यर्थियों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, उत्तराखंड अनाथ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके आश्रित तथा भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांगजन (PwD) श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र में दावा किया है, वे दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित श्रेणी से संबंधित मूल एवं वैध प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से अपने साथ लेकर उपस्थित हों।

दिनांक: 30-09-2026
स्थान: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

Dr. Kalpana Patni Lakhera
Programme Coordinator
B.Ed ODL